प्रबन्धक का संकल्प

प्रिय शिक्षार्थियों एवं श्रद्धेय अभिभावकगण !

यमदग्नि ऋषि की पावन तपोभूमि एवं भागीरथी के पावन तट पर अवस्थित आपका हिन्दू स्नातकोत्तर महाविद्यालय ज्ञान - विज्ञान की पीठ के रूप में स्थापित जनपद का प्रथम महाविद्यालय है। यह संस्था अपनी पुरातन संस्कृतियों एवं भारतीय जीवन दर्शन को आलोकित करने की दिशा में निरन्तर क्रियाशील है।

महाविद्यालय अपने छात्र – छात्राओं को उत्तम शैक्षिक वातावरण व बहुमुखी विकास के प्रति निरन्तर प्रयासरत है। हमारे विद्वान प्राध्यापक , छात्र – छात्राओं को ज्ञान – विज्ञान की आधुनिक विधाओं से परिपूर्णकर उनमें मानवीय गुणों एवं नैतिक मूल्यों का विकास कर रहे हैं , इनकी सेवा देश की समर्पित सेवा है। हम इस संस्था के माध्यम से सुव्यवस्थित मूल्यों के अनुकूल आपको अपनी लक्ष्य तक पहुँचाने तथा संस्कारयुक्त नागरिक बनाने की दिशा में अहर्निश प्रयत्नरत हैं।

आपका भावी जीवन सुखमय तथा भविष्य उज्जवल हो इन्हीं शुभकामनाओं के साथ , सधन्यवाद –

(लछिराम सिंह यादव)

प्रबन्धक